पलामू में 1.29 लाख का नकली नोटों के साथ तस्कर गिरफ्तार

पलामू: जिले में 1.29 लाख नकली नोटों के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया गया. पुलिस की तलाशी में एक बुजुर्ग व्यक्ति के पास से 500-500 रुपये के नकली नोट बरामद हुए. गिरफ्तार बुजुर्ग नंद देव साहू पलामू के तरहसी थाना क्षेत्र के परसाई गांव का रहने है. पांकी थाना प्रभारी उत्तम कुमार तिवारी ने बताया कि रांची से इस नकली नोट को लाया गया था और पलामू में एक व्यक्ति को देना था. नकली नोट को संबंधित व्यक्ति के माध्यम से खफाया जाता है. रांची में नकली नोट की डिलीवरी होती है और उसे पलामू लाया जाता है.

Source: https://www.etvbharat.com/hi/snippets/!state/a-smuggler-arrested-with-fake-notes-in-palamu-jhs24072508286